# Code No. 6054

Roll No. ...........................

*SET : B*

## D. El. Ed. 2nd Year Exam., July/August – 2024

## Pedagogy of Hindi Language

## हिन्दी भाषा का शिक्षण

## (Course Code : DE-204)

(Only for Fresh/Re-appear/Mercy Chance Candidates)

**[ Evening Session ]**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 70*

---

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा प्रश्न 17 हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

*(iv)* *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

*(v)* *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

*(vi)* *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

*(vii)* *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

*(viii)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ix)* ***खण्ड – अ*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं।*

*(x)* ***खण्ड – ब*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **70-80** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक हैं।*

*(xi)* ***खण्ड – स*** *के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **150-200** शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के 8 अंक हैं।*

## खण्ड - अ

## (अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**1.** व्याकरण शिक्षण का उद्देश्य क्या है ? 2

**2.** संज्ञा को परिभाषित करते हुए भाववाचक का उदाहरण दीजिए। 2

**3.** वाक्य के अंगों का सोदाहरण परिचय दीजिए। 2

**4.** समस्त पद क्या है ? 2

**5.** किसी एक दृश्य-श्रव्य साधन का वर्णन करें जिससे हिन्दी भाषा शिक्षण को रोचक एवं उपयोगी बनाया जा सकता है। 2

**6.** मानचित्र पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 2

**7.** 'मिठाई वाला' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट करें। 2

## खण्ड - ब

## (लघु उत्तरात्मक प्रश्न)

**8.** गद्य साहित्य की जीवनी विधा पर प्रकाश डालिए। 5

**9.** मौखिक सम्प्रेषण का संक्षिप्त परिचय देते हुए उद्देश्य स्पष्ट करें। 5

**10.** स्वागत भाषण पर टिप्पणी लिखें। 5

**11.** स्कूल बस दुर्घटना का आँखों देखा वर्णन कीजिए। 5

**12.** अलंकार को परिभाषित करते हुए इसके मुख्य भेदों का सोदाहरण वर्णन कीजिए। 5

**13.** वस्तुनिष्ठ परीक्षा के गुण-दोष बताइए। 5

**14.** भाषा शिक्षण में श्रव्य सामग्री क्या है ? इसके साधनों का वर्णन कीजिए। 5

**15.** हरबर्ट के पंचपदीय उपागम के गुण-दोषों का उल्लेख कीजिए। 5

## खण्ड - स

## (दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)

**16.** हिन्दी साहित्य में 'नाटक' विधा के उद्भव एवं विकास पर प्रकाश डालिए। 8

**अथवा**

हिन्दी कहानी को परिभाषित करते हुए इसके तत्त्वों का वर्णन कीजिए।

**17.** हिन्दी पाठ्य-पुस्तक का अर्थ समझाते हुए इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 8

**अथवा**

'कठपुतली' पाठ की पाठ-योजना तैयार कीजिए।

---